an>

title: Need to establish a High Court Bench in Udaipur, Rajasthan.

**श्री अर्जुन लाल मीणा (उदयपुर):** सभापति महोदय, मेरा लोक सभा क्षेत्र उदयपुर दक्षिणी राजस्थान का संभाग मुख्यालय है। यह जनजाति बाहुल्य संभाग है जिसमें उदयपुर, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, प्रतापगढ़, चित्तौड़गढ़ और राजसमंद प्रमुख जिले हैं। यहां 70 से 75 प्रतिशत जनसंख्या अनुसूचित जनजाति की है। यह क्षेत्र भारत सरकार द्वारा शैड्यूल्ड -V टीएसपी एरिया घोÂिषत है। यहां के गरीब आदिवासियों को अपने न्याय एवं हक के लिए जोधपुर हाई कोर्ट जाना पड़ता है जो बांसवाड़ा से लगभग चार सौ, साढ़े चार सौ किलोमीटर दूर पड़ता है। गरीब आदिवासी, सरकारी कर्मचारी और आम जनता को अपने न्याय के लिए जोधपुर तक न जाना पड़े। उन्हें समय और धन अधिक खर्च करना पड़ता है। अतः मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि गरीब आदिवासी, सरकारी कर्मचारियों और आम जनता को सस्ता एवं सुलभ न्याय मिल सके, इसके लिए उदयपुर संभाग मुख्यालय पर हाई कोर्ट बैंच खोली जाए।

**माननीय सभापति :**

श्री सुधीर गुप्ता को श्री अर्जुन लाल मीणा द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।